*We shape the leaders, thinkers, and change-makers of tomorrow.*

# विवरणिका

2024- 25

# विवरणिका

(2024-25)



## चौधरी महादेव प्रसाद महाविद्यालय

इलाहाबाद विश्वविद्यालय इलाहाबाद

प्रयागराज




**महाविद्यालय के संस्थापक : चौधरी महादेव प्रसाद**




# कुलगीत

नवल नालन्दा बने वितरित करे नित ज्ञान धन।
चौधरी श्री महादेव प्रसाद सारस्वत सदन।।

हर दिशा से भद्र ऋतुएँ ले अमृत आए यहाँ।
पल्लवित हो विविध प्रतिभाएँ प्रशंसित आचरण।।

रम्य तन मन भव्य उच्चादर्श, चिंतन नव्य हो–2
राष्ट्रप्रेम भरे हृदय हो, बुद्धि सतरंगी किरण।।

कीर्तियां इस सुभग विद्याधाम की विस्तीर्ण हो–2
महादेव प्रसाद का, परिपूर्ण हो पावन सपन।।

यह कला का केन्द्र हो शैक्षिक विधाओं का विलय।
दृष्टि योग – क्षेम की हो, यह बने आनन्द घन।

# अनुक्रमणिका


1 परिचय ........................................................................... 9

2. लक्ष्य एवं दृष्टिकोण ................................................... 13

3. शिक्षण, सीखना और मूल्यांकन ............................................. 15

4. प्रवेश प्रक्रिया ........................................................... 16

5. परास्नातक शुल्क संरचना ................................................. 23

6. छात्रवृत्ति, छात्र सहायता और प्रोत्साहन ................................. 28

7. परिसर अनुशासन ........................................................... 42

8. पुस्तकालय ................................................................. 44

9. एन.सी.सी., एन.एस.एस. और खेल–कूद ...................................... 45

10. महाविद्यालय परिवार ..................................................... 51



# संदेश

यह अत्यन्त हर्ष का विषय है कि चौधरी महादेव प्रसाद महाविद्यालय, प्रयागराज विवरणिका 2024–25 प्रकाशित कर रहा है। विवरणिका में शिक्षकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों की गतिविधियाँ तथा उपलब्धियाँ अंकित होती है। विवरणिका में प्रकाशित सामग्री नवप्रवेशी छात्र के लिए अत्यन्त उपयोगी है। वे महाविद्यालय की सम्पूर्ण साहित्यिक, सांस्कृतिक तथा अकादमिक उपलब्धि से परिचित होते हैं। मैं महाविद्यालय परिवार को विवरणिका प्रकाशन हेतु बधाई सम्प्रेषित करता हूँ तथा सभी के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूँ।

**(डॉ0 सुशील कुमार सिन्हा)**
अध्यक्ष, शासी निकाय
कायस्थ पाठशाला
प्रयागराज



# संदेश

यह सुनकर प्रसन्नता हुई कि सी0एम0पी0 महाविद्यालय प्रयागराज, इलाहाबाद विश्वविद्यालय का संघटक महाविद्यालय विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी सत्र 2024–25 में महाविद्यालय की विवरणिका प्रकाशित करने जा रहा है।

इस विवरणिका के प्रकाशन से महाविद्यालय की गौरव एवं गरिमा मे वृद्धि होगी। यह विवरणिका न केवल महाविद्यालय के अध्यापकों वरन छात्रों एवं कर्मचारियों के भविष्य के लिए भी एक प्रेरणा स्रोत साबित होगी तथा समाज के लिए एक दर्पण का कार्य करेगी।

आशा करता हूँ कि इस तरह की विवरणिका के प्रकाशन की परम्परा आगे भी जारी रहेगी।

इसी के साथ मैं महाविद्यालय के प्राचार्य, प्रबन्धक, विवरणिका के प्रकाशन में लगे समस्त सहयोगियों एवं कर्मचारियों को बहुत–बहुत शुभकामनाए देता हूँ।

**(प्रो0 पंकज कुमार)**
अधिष्ठाता, महाविद्यालय विकास
इला0वि0वि0



# संदेश

चौधरी महोदव प्रसाद महाविद्यालय, विगत 70 वर्षों से गुणवत्तापरक शिक्षा के लिए विख्यात है। यहाँ के विद्वान शिक्षक अपनी लगन, मेहनत एवं विद्वता से इस महाविद्यालय में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियो को ज्ञान दीप से आलोकित करते रहे हैं।

किसी भी संस्था की उपादेयता व प्रासंगिकता इस तर्क में निहित है कि वह बदलती परिस्थितियों के अनुरूप कितनी शीघ्रता से अपने को ढाल लेती है। कोरोना काल में सी0एम0पी0 महाविद्यालय एकमात्र ऐसा महाविद्यालय था, जिसने अपना स्वयं का पोर्टल विकसित किया तथा विद्यार्थियों को ऑनलाइन शिक्षण की सुविधा उपलब्ध करायी। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 की आवश्यकताओं के अनुरूप महाविद्यालय ने छात्रहित में अनेक अल्पकालिक, रोजगारमूलक पाठ्यक्रम प्रारमभ किये हैं, जिससे विद्यार्थी अपने पाठ्यक्रमों के साथ–साथ ऐसे ज्ञान व कौशल को अर्जित कर सके जो उन्हें रोजगार प्राप्त करने में मदद कर सके।

प्रयागराज शहर सिविल सेवा के परीक्षार्थियों के लिए सम्पूर्ण भारत में प्रसिद्ध है। यहां आने वाला प्रत्येक विद्यार्थी सिविल सेवा प्रतियोगिता में भाग लेना चाहता है। विद्यार्थियों को स्नातक स्तर से ही सही मार्गदर्शन मिले और वे स्नातक के अपने पाठ्यक्रम के साथ–साथ सिविल सेवा की तैयारी भी विशेषज्ञ शिक्षकों/प्रशासको की देखरेख में कर सके, यह सुनिश्चित करने के लिए महाविद्यालय ने नाम मात्र फीस के आधार पर एक अल्पकालिक सिविल सेवा आधार पाठ्यक्रम प्रारम्भ किया है। यह पाठ्यक्रम विद्यार्थी को सिविल सेवा के लिए सही दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करता है।

विद्यार्थियों के लिए महाविद्यालय में स्वच्छ पीने का पानी, साफ–सुथरे प्रसाधन, पुस्तकालय, सुसज्जित प्रयोगशालाएं क्रीड़ा सुविधायें आदि, सुविधाओं से लाभान्वित होते हैं।

महाविद्यालय अपने गौरवपूर्ण इतिहास से प्रेरणा लेकर स्वर्णिम भविष्य की ओर अग्रसर है। महाविद्यालय के विद्यार्थी ज्ञानार्जन के माध्यम से समाज में प्रबुद्ध नागरिक बनने की सार्थक भूमिका निभा सके तथा सम्मानपूर्वक जीवन यापन कर सकें, महाविद्यालय का यही उद्देश्य है।

विवरण पत्रिका 2024–25 नये कलेवर में प्रकाशित हो रही है। समिति के सभी सदस्यों को साधुवाद व नवागंतुक विद्यार्थियों को सार्थक विद्यार्थी जीवन के लिए अनन्त शुभकामनाएं।

**(प्रो0 अजय प्रकाश खरे)**
प्राचार्य
सी0एम0पी0 डिग्री कालेज
प्रयागराज

# महाविद्यालय के संस्थापक चौधरी महादेव प्रसाद

कुछ व्यक्तित्व इतने विराट होते हैं कि शब्दों के माध्यम से उनकी उपलब्धियों को व्यक्त करना कठिन होता है। महाविद्यालय के संस्थापक स्वनामधन्य चौधरी महादेव प्रसाद जी भी ऐसे ही बहुआयामी व्यक्तित्व के स्वामी थे। चौधरी बाबू महादेव प्रसाद जी का अवतरण 1857 में महाशिवरात्रि पर्व के दिन हुआ था, इसलिए आदिदेव शिव के नाम पर उनका नाम महादेव प्रसाद रखा गया। उनकी जन्म–स्थली ऐतिहासिक व धार्मिक दृष्टि से पावन स्थल कड़ा धाम इलाहाबाद में हुआ था। आपके व्यक्तित्व में भगवान शिव की भाँति ओज, गाम्भीर्य और शिवत्व का अद्भुद समन्वय था।

आपके पितामह चौधरी सूबा लाल और पिता राय बहादुर चौधरी रूद्रप्रसाद जी थे। पारिवारिक जमींदारी इलाहाबाद, बाँदा, दरभंगा, मुजफ्फरनगर, सीतामढ़ी, बनारस तक फैली थी। कहते हैं उनकी रियासत राजा दरभंगा की रियासत से भी बड़ी थी। वे इकलौते पुत्र थे, उनकी तीन बहनें थी। तात्कालिक चलन की भाँति उनको संस्कृत व उर्दू की शिक्षा दी गई। पारिवारिक संस्कार उन्हें विरासत में मिले थे। वे अनुशासनप्रिय, धर्मपरायण, सहृदय, कर्तव्यपरायण व सामाजिक संदर्भों के प्रति जागरूक रहते थे। अभिजात्य चौधरी खानदान के योग्य उत्तराधिकारी चौधरी साहब के व्यक्तित्व व विचारों पर तात्कालिक कालखण्ड का गहरा प्रभाव पड़ा। वे उन प्रारम्भिक भारतीय मनीषियों में थे, जिन्होंने विदेशी शासन की पीड़ा को समझा तथा अनुभव किया कि शिक्षा द्वारा ही प्रगतिशील विचार व नवीन चेतना का संचार होता है। शक्तिशाली व आत्मनिर्भर राष्ट्र की स्थापना होती है। अपने सामाजिक उत्तरदायित्व को समझते हुए उन्होंने 1914 में चौधरी बाबू महादेव प्रसाद ट्रस्ट बनाया तथा उसका मुतवल्ली अध्यक्ष, कायस्थ पाठशाला को बनाया। वसीयत करके अपनी सम्पूर्ण चल अचल सम्पत्ति कायस्थ पाठशाला को दे दी तथा उससे अर्जित होने वाली आय का 50 प्रतिशत निर्धन छात्रों की शिक्षा में व्यय करने का प्रावधान किया। उन्होंने उच्च शिक्षा के प्रसार के उद्देश्य से 1914 में ही एक लाख रू0 की बड़ी धनराशि की व्यवस्था की। इसी धनराशि से तथा आपकी स्फूर्त प्रेरणा से हमारे महाविद्यालय की स्थापना के बीज अंकुरित व प्रस्फुटित हुए। 1950 में चौधरी महादेव प्रसाद महाविद्यालय, इलाहाबाद विश्वविद्यालय के संघटक महाविद्यालय के रूप में स्थापित हुआ। उनकी पुत्री श्रीमती भगवती देवी ने भी रू0 35000/–रू0 की धनराशि उदारतापूर्वक प्रदान की। उनका महापरिनिर्वाण 1924 को काशी में हुआ।

चौधरी बाबू महादेव प्रसाद के व्यक्तित्व के अनेक उदात्त पक्ष थे। वे परम धार्मिक, दयालु, महान निर्माणकर्ता, आध्यात्मिक, समाजसेवी, उदार व्यक्तित्व के स्वामी थे। "वसुधैव कुटुम्बकम्" में विश्वास रखने वाले चौधरी महादेव प्रसाद रईसे–आज़म कहलाते थे, किन्तु धनी–निर्धन के भेद से परे सहृदय व्यक्तित्व के स्वामी थे।

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की स्थापना में भी उन्होंने 25000/–रू0 की बड़ी धनराशि दान में प्रदत्त की। उन्होंने जाति, धर्म, सम्प्रदाय से परे होकर अपनी सम्पत्ति को अपना नहीं माना। उसे सम्पूर्ण समाज की धरोहर माना तथा समाज को ही अर्पित कर दिया।

महाविद्यालय के संस्थापक चौधरी बाबू महादेव प्रसाद जी का जीवन प्रेरणास्रोत है जो आने वाली पीढ़ी को मार्गदर्शन करता रहेगा। लक्ष्य के प्रति दृढ़ आस्थावान चौधरी साहब इतिहास तथा युग की धारा को बदलने वाले महान् व्यक्ति थे, जिनकी प्रेरणा से स्थापित चौधरी महादेव प्रसाद महाविद्यालय आज विशाल वटवृक्ष का रूप ले चुका है तथा प्रतिवर्ष हजारों छात्र–छात्राएँ उच्च शिक्षा ग्रहण कर इनके स्वप्न को साकार कर रहे हैं।

"सर्वोत्तम व्यक्ति वह नही है जिन्होने अवसरों का इन्तजार किया,
बल्कि वे हैं जिन्होंने अवसरों को अपनाया है, जीता है और सफल बनाया है।"

– नेल्सन मण्डेला



## महाविद्यालय का संक्षिप्त परिचय

इस महाविद्यालय की स्थापना सन् 1950 ई0 में हुई थी। यह महाविद्यालय के0पी0 ट्रस्ट के संस्थापक के नाम पर है। यह महाविद्यालय इलाहाबाद विश्वविद्यालय का एक संघटक महाविद्यालय (Constituent College) है जिसमें प्रत्येक धर्म, सम्प्रदाय और जाति के विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाता है।


यह महाविद्यालय जार्ज टाउन में महात्मा गाँधी मार्ग पर स्थित है। महाविद्यालय में कला, वाणिज्य,विज्ञान तथा विधि–संकाय है, जिसमें अनेक विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। इसमें विज्ञान के विद्यार्थियों के लिए आधुनिकतम उपकरणों से युक्त प्रयोगशालायें हैं। महाविद्यालय में एक विशाल पुस्तकालय एवं वाचनालय है, जिसमें विविध विषयों की पुस्तकें पर्याप्त संख्या में उपलब्ध हैं। वाचनालय में हिन्दी और अंग्रेजी की साप्ताहिक, मासिक और वार्षिक पत्र–पत्रिकाओं के अतिरिक्त विविध दैनिक समाचार–पत्र उपलब्ध रहते हैं। विद्यार्थियों के मनोरंजन एवं शारीरिक विकास के लिए महाविद्यालय परिसर में एक छात्र–सदन, व्यायामशाला तथा एक विशाल क्रीड़ा स्थल है।

छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना, राष्ट्रीय कैडेट कोर तथा अन्य बौद्धिक एवं सांस्कृतिक क्रिया कलापों का संचालन भी होता है।

विधि–संकायः– विधि संकाय की स्थापना सन् 1972 में हुई थी। सन् 1990 से विधि–संकाय महाविद्यालय के मुख्य परिसर से अलग 12/4 कमला नेहरू रोड स्थित भवन में स्थानान्तरित कर दिया गया है। सम्प्रति इस परिसर में विशाल अध्ययन कक्ष, पुस्तकालय, व्यायामशाला, श्रोतृशाला, मूट कोर्ट तथा क्रीड़ा–प्रांगण की व्यवस्था है।

वाणिज्य संकायः– वाणिज्य संकाय महाविद्यालय के मुख्य परिसर से अलग 12/4, कमला नेहरू रोड़, केनरा बैंक के बगल में स्थित भवन में स्थानान्तरित कर दिया गया है। इस परिसर में अध्ययन हेतु अनेक कक्ष, कार्यालय और पुस्तकालय की समुचित व्यवस्था है।

> **"शिक्षा एक शक्तिशाली हथियार है जिससे आप दुनिया को बदल सकते हैं"**
>
> **– नेल्सन मण्डेला**



Certificate of Registration

This is to certify that the Quality Management System of

C.M.P. DEGREE COLLEGE

(A CONSTITUENT P.G. COLLEGE, UNIVERSITY OF ALLAHABAD)
MAHATMA GANDHI MARG, GEORGE TOWN, PRAYAGRAJ- 211002
UTTAR PRADESH, INDIA

has been successfully assessed &
conforms with the following standard

ISO 9001:2015

Scope of Certification

PROVISION OF EDUCATIONAL SERVICES FOR GRADUATION, POST GRADUATION AND Ph.D. PROGRAMS IN ARTS, SCIENCE, COMMERCE, LAW AND COMPUTER SCIENCE & APPLICATIONS, CERTIFICATE AND DIPLOMA IN DIFFERENT SHORT-TERM SKILL DEVELOPMENT, PERSONALITY DEVELOPMENT, WATER, ENVIRONMENTAL AND ENERGY LITERACY COURSES, APPROVED UNDER SCHEDULED CRITERIA OF UGC AND BCI

| | | |
|---|---|---|
| Certificate No. | : | CMP/QMS/A24/4223 |
| Initial Registration Date | : | 15.01.2024 |
| Issue Date | : | 15.01.2024 |
| Surveillance 1 Audit Date | : | 15.12.2024 |
| Surveillance 2 Audit Date | : | 15.12.2025 |
| Re-Certification Due on | : | 15.12.2026 |
| Date of Expiry | : | 14.01.2027 |

Signature of Director

SERTIFIKA • CERTIFICAT • SERTIFIKAT • شهادة

---

This is to Certify that
Energy Management System of

C.M.P. DEGREE COLLEGE

(A CONSTITUENT P.G. COLLEGE, UNIVERSITY OF ALLAHABAD)

MAHATMA GANDHI MARG, GEORGE TOWN, PRAYAGRAJ-211002,
UTTAR PRADESH, INDIA.

has been assessed and found to conform to the requirements of

ISO 50001:2018

for the following scope :

PROVISION OF EDUCATIONAL SERVICES FOR GRADUATION, POST GRADUATION AND Ph.D. PROGRAMS IN ARTS, SCIENCE, COMMERCE, LAW AND COMPUTER SCIENCE & APPLICATIONS, CERTIFICATE AND DIPLOMA IN DIFFERENT SHORT-TERM SKILL DEVELOPMENT, PERSONALITY DEVELOPMENT, WATER, ENVIRONMENTAL AND ENERGY LITERACY COURSES, APPROVED UNDER SCHEDULED CRITERIA OF UGCAND BCI

| | | | |
|---|---|---|---|
| Certificate No | : 24EEnMA13 | | |
| Initial Registration Date | : 16/01/2024 | Issuance Date | : 16/01/2024 |
| Date of Expiry | : 15/01/2027 | | |
| 1st Surv. Due | : 16/12/2024 | 2nd Surv. Due | : 16/12/2025 |

Director

ISO 50001:2018

---

This is to certify that the Environmental Management System of

C.M.P. DEGREE COLLEGE

(A CONSTITUENT P.G. COLLEGE, UNIVERSITY OF ALLAHABAD)
MAHATMA GANDHI MARG, GEORGE TOWN, PRAYAGRAJ- 211002
UTTAR PRADESH, INDIA

has been successfully assessed &
conforms with the following standard

ISO 14001:2015

Scope of Certification

PROVISION OF EDUCATIONAL SERVICES FOR GRADUATION, POST GRADUATION AND Ph.D. PROGRAMS IN ARTS, SCIENCE, COMMERCE, LAW AND COMPUTER SCIENCE & APPLICATIONS, CERTIFICATE AND DIPLOMA IN DIFFERENT SHORT-TERM SKILL DEVELOPMENT, PERSONALITY DEVELOPMENT, WATER, ENVIRONMENTAL AND ENERGY LITERACY COURSES, APPROVED UNDER SCHEDULED CRITERIA OF UGC AND BCI

| | | |
|---|---|---|
| Certificate No. | : | CMP/EMS/A24/1624 |
| Initial Registration Date | : | 15.01.2024 |
| Issue Date | : | 15.01.2024 |
| Surveillance 1 Audit Date | : | 15.12.2024 |
| Surveillance 2 Audit Date | : | 15.12.2025 |
| Re-Certification Due on | : | 15.12.2026 |
| Date of Expiry | : | 14.01.2027 |

Signature of Director

Accreditation No : CB-MS-2808
(Accredited by United Accreditation Foundation (UAF),
400 North Center DR, STE 202, Norfolk, VA 23502, United States of America
To Check Certification Status:
www.saaracertification.com & www.uafaccreditation.org

SERTIFIKA • CERTIFICAT • SERTIFIKAT • شهادة • SERTIFIKAT

# Governing Body of the College

**Dr. Sushil Kumar Sinha**
Chairperson, Governing Body
C.M.P. Degree College
Prayagraj

**Prof. Manmohan Krishna**
Member, Governing Body
187/2 Stainley Road, Beli Dhall
Prayagraj

**Prof. Harsh Kumar**
Member, Governing Body
T-1, AU, Residential Campus
MNNIT Campus, Prayagraj

**Sri Vinay Khare**
Member, Governing Body
7 Drummond Road
Prayagraj

**Prof. Sanjay Srivastava**
Member, Governing Body
37/2 Baghambari Road
Daraganj, Prayagraj

**Mr. Shailendra Kumar**
Member, Governing Body
Patrika Marg, Civil Lines
Prayagraj

**Mr. Rajendra Srivastava**
Member, Governing Body
Prayagraj

**Mr. Akhilesh Srivastava**
Member, Governing Body
969, Rajrooppur
Prayagraj

**Mrs. Anuradha Srivastava**
Member, Governing Body
24/2A/8, Shivkuti
Near PN Bhatt Bal Vidya
Mandir School, Prayagraj

**Prof. Ashish Khare**
Member, Governing Body
Department of Electronics
& Communication UoA
Prayagraj

**Dr. Satyamvada Singh**
Member, Governing Body
Department of English
C.M.P. Degree College
Prayagraj

**Prof. Prakash Joshi**
Member, Governing Body
Department of English
University of Allahabad
Prayagraj

**Sri Piyush Kumar Agrawal**
Member, Governing Body
57A, Sardar Patel Marg
Near ICICI Bank, Civil Lines
Prayagraj

**Dr. Archana Khare**
Member, Governing Body
Department of Anc. History
C.M.P. Degree College
Prayagraj

**Dr. Manish Kumar Sinha**
Member, Governing Body
Department of Commerce
Prayagraj

**Dr. Ruchika Varma**
Member, Governing Body
Department of Psychology
C.M.P. Degree College
Prayagraj

**Prof. Ajay Prakash Khare**
Member, Governing Body
Principal CMP college






**महाविद्यालय में नव निर्मित कंप्यूटर लैब का उद्घाटन और कंप्यूटर लैब**






# लक्ष्य एवं दृष्टिकोण

| **Our Mission** | |
|---|---|
| •To provide excellent education to students.<br>•To inculcate a value system in students.<br>•To promote use of modern technology.<br>•To foster healthy competitiveness at a global level<br>•To contribute to national development. | •छात्रों को उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करना।<br>• छात्रों में मूल्य प्रणाली विकसित करना।<br>• आधुनिक प्रौद्योगिकी के उपयोग को बढ़ावा देना।<br>• छात्रों में वैश्विक दक्षताओं को बढ़ावा देना।<br>• राष्ट्रीय विकास में योगदान देना। |
| **Our Vision** | |
| • Quality and value based education.<br>•To prepare socially committed and economically self reliant students.<br>• The college will make it's mark on the global academic map for high ethical standards and responsiveness to the social environment | •गुणवत्तापूर्ण और मूल्य आधारित शिक्षा।<br>• सामाजिक रूप से प्रतिबद्ध और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर छात्रों को तैयार करना।<br>• कॉलेज उच्च नैतिक मानकों और सामाजिक वातावरण के प्रति जवाबदेही के लिए वैश्विक शैक्षणिक मानचित्र पर अपनी पहचान बनाना। |
| **Goals and Objectives** | |
| •To promote core values among students.<br>•To make responsible citizens of India. | •छात्रों में मूल मूल्यों को बढ़ावा देना।<br>• भारत के जिम्मेदार नागरिक बनाना। |

| | |
|---|---|
| •To prepare them for global competencies.<br>•To impart human value based education.<br>•To build ICT culture in the College.<br>• To develop the college as centre for potential excellence. | • उन्हें वैश्विक दक्षताओं के लिए तैयार करना।<br>• मानवीय मूल्य आधारित शिक्षा प्रदान करना।<br>• महाविद्यालय में आईसीटी संस्कृति का निर्माण करना।<br>• महाविद्यालय को संभावित उत्कृष्टता के केंद्र के रूप में विकसित करना। |




"भाग्य में विश्वास मत करो, कड़ी मेहनत में विश्वास करो, एक दिन कामयाबी तुम्हारी होगी"
— डॉ .कलाम



## शिक्षण, सीखना और मूल्यांकन
## (Teaching, Learning and Assessment)

किसी भी शिक्षण संस्थान में शिक्षा व्यवस्था के तीन महत्वपूर्ण घटक होते हैं – शिक्षण, सीखना और मूल्यांकन। हमारे महविद्यालय में कक्ष में शिक्षण हेतु अनेक रोचक प्रविधियो का प्रयोग किया जाता है। हमारे शिक्षक स्मार्ट क्लास शिक्षण यथा पावर प्वाइंट प्रस्तुतीकरण, क्लासरूम प्रोजेक्ट्स, संगोष्ठियों एवं अनुशिक्षण जैसी विधियों का प्रयोग करते हैं। यह प्रक्रिया विद्यार्थियों की क्षमता बढ़ाती है। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के मापदण्डों के अनुरूप मूल्यांकन की प्रक्रिया का पालन होता है। लिखित परीक्षा, मौखिकी तथा प्रयोगात्मक परीक्षाओं के द्वारा समय–समय पर मूल्यांकन भी किया जाता है। स्नातकोत्तर कक्षाओं में विद्यार्थियों के परीक्षण हेतु आंतरिक मूल्यांकन भी किया जाता है।

कोरोना महामारी के दौरान हमारे महाविद्यालय ने शिक्षण अधिगम और मूल्यांकन पद्धति की पुर्नसंरचना की है। सी0एम0पी0 लाइव, गूगल मीट, जूम, व्हाट्सएप्प, यू–ट्यूब, ऑडियो–वीडियो कक्षाओं द्वारा पाठ्यक्रम का कुछ अंश पूर्ण किया गया है। सी0एम0पी0 लाइव पोर्टल तथा एल0एम0एस0 पोर्टल महाविद्यालय की अपनी उपलब्धि है, जो अनेक विषयों की ऑनलाइन कक्षाएँ आयोजित करता है। सी0एम0पी0 कॉलेज इलाहाबाद का एकमात्र महाविद्यालय है तथा उत्तर प्रदेश के चुनिंदा महाविद्यालयों में से एक है, जिसने कोरोना काल में अपना आनलाइन पोर्टल विकसित किया तथा पठन–पाठन को सुगम बनाया। एल.एम.एस पोर्टल के माध्यम से हम अपने व्याख्यान और नोट्स को अपलोड कर सकते हैं, विद्यार्थियों को अधिन्यास दे सकते हैं तथा शिक्षण सम्बन्धी समस्याओं का समाधान कर सकते हैं। आन्तरिक मूल्यांकन भी ई–माध्यमों द्वारा किया जाता है।

समय–समय पर अनेक विभागों द्वारा विद्यार्थियों की प्रतिभा में विकास हेतु अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति के लिए शैक्षणिक भ्रमण, संगोष्ठियों,सम्मेलनों तथा कार्यशालाओं का आयोजन भी किया जाता है।




## सिविल सेवा फाउंडेशन बैच कार्यक्रम 2023- 24

## स्नातक प्रवेश–प्रक्रिया

**प्रवेश के नियम**

(1) महाविद्यालय में ऑनलाइन/ऑफलाइन प्रवेश इलाहाबाद वि0वि0 की प्रवेश परीक्षा सी0यू0ई0टी0 (CUET) 2024 के नियमों पर पूर्णतः आधारित होगा।

(2) महाविद्यालय की वेबसाइट/दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित मेरिट लिस्ट के आधार पर विद्यार्थियों को निम्नलिखित अभिलेखों के साथ एवं समस्त अभिलेखों की मूल प्रति के साथ ही प्रत्येक की एक–एक स्व–प्रमाणित प्रतिलिपि अभिलेखों के सत्यापन के समय आवश्यक है।

(अ) हाईस्कूल (10 वीं) अथवा समकक्ष परीक्षा का अंक पत्र तथा प्रमाणपत्र।

(ब) इण्टरमीडिएट (12 वीं) अथवा समकक्ष परीक्षा का अंक पत्र तथा प्रमाणपत्र।

(स) स्थानान्तरण प्रमाणपत्र (T.C.) की मूलप्रति।

(द) प्राईवेट विद्यार्थियों के लिए किसी सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत्त चरित्र प्रमाणपत्र।

(य) अधिभारिता दावा (Weightage Claim) का प्रमाणपत्र।

(र) विशिष्ट–सुविधा–प्रमाण–पत्र – अनिवासी भारतीय (N.R.I.) तथा पूर्वात्तर भारत के निवासियों के लिए।

(ल) जाति प्रमाणपत्र – अनुसूचित जाति (S.C.) अनुसूचित जनजाति (S.T.) तथा अन्य पिछड़े वर्ग (O.B.C.) के लिए।

(व) आर्थिक रूप से पिछड़े (E.W.S.) श्रेणी के कोटे में प्रवेश हेतु सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाणपत्र की मूल और छायाप्रति।

(श) आधार कार्ड

(3) यदि दो या अधिक विद्यार्थियों के प्रवेश परीक्षा के अंक समान होंगे तो उस विद्यार्थी को वरीयता दी जाएगी जिसके इण्टर/हाईस्कूल की परीक्षा में अधिक अंक होंगे।

(4) निर्धारित तिथि पर जो प्रवेशार्थी अपने अभिलेखों को प्रस्तुत नहीं कर पाएँगें उनके प्रकरण पर विचार करना सम्भव नहीं होगा।

(5) किसी विसंगति की स्थिति में प्रवेश को रद्द कर दिया जायेगा **और** काउंसिलिंग शुल्क वापस नहीं की जायेगी। ।

(6) महाविद्यालय में पठन–पाठन पूर्णतया इलाहाबाद विश्वविद्यालय के निर्देशों, परिनियमों तथा प्रदत्त सुविधाओं के अधीन रहेगा।

नोटः– सभी प्रवेशार्थी अपना पता, मोबाईल नं0 तथा ई–मेल इत्यादि ध्यानपूर्वक सही–सही भरें, जिससे सम्पर्क सुनिश्चित हो।

## प्रवेश के लिए निर्धारित संख्या

| | खण्ड | | सीटें |
|---|---|---|---|
| 1. | बी0एससी0 प्रथम खण्ड (PMC) | : | 434 |
| 2. | बी0एससी0 प्रथम खण्ड (PMDef) | : | 645 |
| 3. | बी0एससी0 प्रथम खण्ड (BZC) | : | 645 |
| 4. | बी0एससी0 प्रथम खण्ड (BZDef) | : | |
| 5. | बी0कॉम0, प्रथम खण्ड | : | 674 |
| 6. | बी0ए0 प्रथम खण्ड | : | 3600 |
| 7. | एलएल0बी0 प्रथम खण्ड | : | 375 |
| 8. | बी0ए0एलएल0बी0 | : | 150 |

9. इलाहाबाद विश्वविद्यालय द्वारा बी.ए./ बी.एस.सी. में 100 सीटें सांख्यिकी विषय में प्रारंभ किये जाने की अनुमति प्रदान की गयी है | बी.ए. में 70 तथा बी.एस.सी. में 30 सीटों का आवंटन किया गया है|

(*रक्षा अध्ययन – विषय स्ववित्त पोषित है)

पाठ्यक्रमों का शुल्क इलाहाबाद विश्वविद्यालय के निर्धारित नियमों के अनुसार देय होगा।




**"अनुशासन और अभ्यास से ही आत्मविश्वास पैदा होता है।"**

# महाविद्यालय में उपलब्ध विषय एवं सीटों की संख्या

| विषय | सीटों की संख्या | विषय | सीटों की संख्या |
|---|---|---|---|
| प्राचीन इतिहास | 1233 | संगीत वादन | 29 |
| अंग्रेजी | 1336 | संगीत (गायन) | 58 |
| मध्यकालीन इतिहास | 463 | तबला | 29 |
| राजनीति शास्त्र | 924 | मनोविज्ञान | 58 |
| समाजशास्त्र | 694 | उर्दू | 231 |
| रक्षा अध्ययन | 100 | शिक्षाशास्त्र | 1155 |
| अर्थशास्त्र | 924 | हिन्दी | 1848 |
| भूगोल | 154 | संस्कृत | 874 |
| दर्शन शास्त्र | 694 | | |








**नव निर्मित प्रेक्षागृह (ऑडीटोरियम)**

# Online Admission Procedure and Steps

1. **Register Yourself**

Register with your UGAT No. and Date of Birth and create your password for Login.

2. **Login**

Login with your UGAT No. and Password (Created during Registration).

3. **Today's Counselling**

Click on "Register for today's counselling". It will be visible only if you are under the cutoff. Pay Counselling Fee. (Registration will remain open for the day from 04:00 A.M. to 12:00 P.M.)

**4. Choice Lock**

Click on "Enter/ Update Choices" button and fill your educational details, upload documents and select subject choice (if any).

**5. Save & Lock Details**

Click on "Save & Lock Details" button for final submission of subject choice. Otherwise click on the "Save" button (It will be automatically locked at the end of today's counselling).

**6. Check Counselling Status**

Check your counselling status after login at 2:00 PM. Pay your fee if you have been allotted provisional seat, otherwise, apply for next counselling on next counselling date with the same login you have already created.

## प्रवेश के पश्चात्

1. प्रवेश की रसीद प्रस्तुत करके विद्यार्थियों को सम्बन्धित विभागों में अपना नामांकन घोषित तिथि तक करा लेना चाहिए ताकि उनकी उपस्थिति कम न होने पाए।
2. विद्यार्थियों को एण्टी रैगिंग, क्रीमी लेयर सम्बन्धी शपथ पत्रों को जमा करने के उपरान्त ही परिचय पत्र (Identity Card) हेतु अनुशासनाधिकारी कार्यालय से सम्पर्क करना चाहिए।
3. रैगिंग सम्बन्धी शपथ–पत्र महाविद्यालय की वेबसाइट www.cmpcollege.ac.in से प्राप्त किये जा सकते हैं। इसे भरना अनिवार्य है।
4. पुस्तकालय – प्रपत्र (Library Card) हेतु पुस्तकालय से सम्पर्क करना होगा।

<u>नोटः–</u>

- प्रत्येक विद्यार्थी को शुल्क की रसीद प्रदान की जाती है। प्रवेश के प्रमाण हेतु प्रत्येक रसीद को संभाल कर रखें।
- बी0ए0 में भूगोल, संगीत एवं मनोविज्ञान का चयन करने वाले विद्यार्थियों को प्रति प्रायोगिक विषय रू0 200/– अतिरिक्त देने होंगे।
- संगीत (गायन एवं वादन) के लिए संगीत समिति इलाहाबाद, अथवा समकक्ष मान्य संस्था से इण्टर के समकक्ष प्रमाण–पत्र होना उन्हें अर्हता प्रदान करेगी। संगीत (गायन एवं वादन) के लिए कम से कम हाईस्कूल अथवा इण्टर में सगीत एक विषय के रूप में होना आवश्यक है।







**एयर फोर्स द्वारा आयोजित कार्यक्रम एवं पुस्तक मेला का दृश्य**

# परास्नातक प्रवेश (स्व–वित्तपोषित पाठ्यक्रम)

## (Post-Graduate Admission (Self Finance Courses)

**परास्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश के नियम–**

1. महाविद्यालय के परास्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश परास्नातक प्रवेश परीक्षा–2024 (PGAT-2024) के परीक्षाफल की मेरिट के आधार पर होगा।
2. प्रवेश में सरकार द्वारा अनुमन्य आरक्षण के नियम लागू होंगे।
3. परास्नातक प्रवेश प्रक्रिया केन्द्रीय स्तर पर न होकर सम्बन्धित विभागवार होगा। विभाग संयोजक परास्नातक प्रवेश से सम्बन्धित किसी निर्णय के लिए स्वतंत्र होंगे।
4. विभाग संयोजक प्रवेश प्रक्रिया की विस्तृत सूचना एवं मेरिट महाविद्यालय की वेबसाइट, समाचार पत्र तथा सम्बन्धित विभाग में उपलब्ध कराएंगे।
5. प्रवेश समिति के अन्तिम निर्णय के बाद अन्तिम रूप दिया जाएगा। प्रवेश हेतु काउन्सिलिंग फार्म सम्बन्धित विभाग मे निर्धारित शुल्क देकर प्राप्त किया जा सकता है। अभ्यर्थी काउन्सिलिंग फार्म के साथ अपने सभी शैक्षणिक प्रमाणपत्रों की छायाप्रति लगाकर स्वप्रमाणित करके विभाग में जमा करेगाा तथा काउन्सिलिंग के बाद अभ्यर्थी फीस काउण्टर पर फीस जमा कर शुल्क प्राप्त करेगा।
6. अभ्यर्थी प्रवेश शुल्क जमा करने के उपरान्त सम्बन्धित विभाग में नामांकन हेतु सम्पर्क करें।
7. महाविद्यालय में परास्नातक में सेमेस्टर व्यवस्था (Semester System) लागू है।
8. सत्र 2024–25 में महाविद्यालय में विषयवार उपलब्ध सीट एवं शुल्क का विवरण–

| क्र0सं0 | विषय | सीटों की संख्या | शुल्क | क्र0सं0 | विषय | सीटों की संख्या | शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | हिन्दी | 63 | 8000 | 09. | भूगोल | 37 | 12000 |
| 02. | अंग्रेजी | 63 | 8000 | 10. | गणित | 50 | 20000 |
| 03. | प्राचीन इतिहास | 63 | 8000 | 11. | भौतिक विज्ञान | 50 | 20000 |
| 04. | शिक्षा शास्त्र | 63 | 8000 | 12. | रसायन विज्ञान | 75 | 20000 |
| 05. | राजनीति शास्त्र | 63 | 8000 | 13. | वनस्पति विज्ञान | 75 | 20000 |
| 06. | मध्यकालीन इतिहास | 63 | 8000 | 14. | जन्तु विज्ञान | 75 | 20000 |
| 07. | अर्थशास्त्र | 63 | 8000 | 15. | एम0कॉम0 (M.Com.) | 100 | 12000 |
| 08. | समाजशास्त्र | 63 | 8000 | 16. | एलएल0एम0 (LL.M.) | 75 | 15000 |

नोट : – शुल्क एक वर्ष (प्रति दो सेमेस्टर) के लिए है। शुल्क का निर्धारण प्रवेश प्रक्रिया के समय विश्वविद्यालय द्वारा परिवर्तित किया जा सकता है।

**"शिक्षा का कार्य गहराई से और गंभीर रूप से सोचना सीखना है। बुद्धिमता के साथ चरित्र निर्माण यही सच्ची शिक्षा का लक्ष्य है।"– मार्टिन लूथर**

## शोध–कार्य

शोध (Ph.D.) में प्रवेश इलाहाबाद विश्वविद्यालय के प्रवेश परीक्षा CRET (Combined Research Entrance Test) के परिणाम और मेरिट के आधार पर होगा। महाविद्यालय के समस्त शोध छात्रों का नये अकादमिक सत्र में पंजीकरण एवं शुल्क देयता इलाहाबाद विश्वविद्यालय के नियमों के अनुसार होगा।

निम्नलिखित संकायों एवं विभागों में शोध–कार्य हो रहा है।

**विज्ञान संकाय (Faculty of Science)**

1. रसायन विभाग (Deptt. of Chemistry)
2- जन्तु विज्ञान विभाग (Deptt. of Zoology)
3- वनस्पति विज्ञान विभाग (Deptt. of Botany)
4- गणित विभाग (Deptt. of Mathematics)

**कला संकाय (Faculty of Arts)**

1. प्राचीन इतिहास (Anc. History)
2. राजनीतिशास्त्र (Pol. Science)
3. हिन्दी (Hindi)
4. अंग्रेजी (English)
5. संस्कृत (Sanskrit)
6. भूगोल (Geography)
7. शिक्षाशास्त्र (Education)
8. अर्थशास्त्र (Economics)
9. मध्यकालीन इतिहास (Med. History)
10. समाजशास्त्र (Sociology)
11. मनोविज्ञान (Psychology)

**वणिज्य संकाय (Faculty of Commerce)**

**विधि–संकाय (Faculty of Law)**

### शोध पत्रिका (Research Journal)

### रिसर्च कम्युनिकेशन्स (Research Communication)

रिसर्च कम्युनिकेशन्स सी एम पी डिग्री कॉलेज प्रयागराज का बहुविषयी द्विभाषिक (हिंदी-अंग्रेजी में प्रकाशित) अर्धवार्षिक एवं अंतर्राष्ट्रीय पियर रिव्यूड शोध पत्रिका हैं | यह पत्रिका विज्ञान, मानविकी वाणिज्य तथा विधि के क्षेत्र में उच्च अध्ययन एवं अन्वेषण तथा नये आयामों के अनुसन्धान हेतु प्रतिबद्ध पत्रिका है| बहुमुखी प्रतिभा एवं बौद्धिकता को विकसित करना इस शोध पत्रिका का उद्देश्य है |




CMP
Degree College
Prayagraj
चौधरी महादेव प्रसाद महाविद्यालय
सांस्कृतिक समिति
GPS Map Camera
Prayagraj,UP,India
George Town, Prayagraj, 211002, UP, India
Lat 25.445220, Long 81.859107
08/15/2023 10:09 AM GMT+05:30

## अल्प अवधि पाठ्यक्रम (Short Term Courses)

सी0एम0पी0 कॉलेज द्वारा छात्रों को स्वर्णिम भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने हेतु अनेक रोजगारोमुखी कौशल विकास के अल्प अवधि पाठ्यक्रम संचालित किये जाते हैं।

# Centre for Vocational Studies & Skill Development

## Details of Short-term/ Add-on Certificate Courses

| S.No | Name of Course | Department |
|---|---|---|
| 1. | Certificate course in Android Apps Development | Computer Application |
| 2. | Certificate Course in Banking, Financial Services, Insurance (CPBFI) in collaboration with Bajaj Finserv | Commerce |
| 3. | Certificate Course in Communicative English for Legal Professionals | Law |
| 4. | Certificate Course in Computerized Accounting | Commerce |
| 5. | Certificate Course in Herbal Gardening and Organic Farming | Botany |
| 6. | Certificate Course in Human Rights and Humanitarian Action | Political Science |
| 7. | Certificate Course in Diagnostic Laboratory Techniques | Zoology |
| 8. | Certificate Course in Mushroom Cultivation | Botany |
| 9. | Certificate Course in Personality Development and Stress Management | Psychology |
| 10. | Certificate Course in Basics in Research | Education |
| 11. | Certificate Course in Spoken English and Personality Development | English |
| 12. | Certificate Course in Vedic Culture, Literature, Religion, Philosophy & Values | Philosophy |
| 13. | Certificate Course in Vermiculturing and Vermicomposting of Biowaste | Zoology |
| 14. | Certificate Course in Yoga & Meditation | Philosophy |
| 15. | Certificate Course in Urdu | Urdu |
| 16. | Certificate Course in Hardware and Networking | Computer Application |
| 17. | Certificate Course in Adulteration of Milk and Milk Products | Chemistry |

## Free of Cost and Compulsory for All Students

| S.No | Name of Course | Department |
|---|---|---|
| 1. | Certificate Course in Water Literacy | Chemistry |
| 2. | Certificate Course in Energy Literacy | Physics |
| 3. | Certificate Course in Environmental Literacy | Botany |

## Details of Special Courses

| S.No | Name of Course | Department |
|---|---|---|
| 1. | Crash Course for CSIR-UGC NET in Life Science | Botany |
| 2. | GS Foundation Course for Civil Services | Centre for Vocational Studies & Skill Development |

- *** Compulsory and free of cost course for all enrolled students of the C.M.P. Degree College.**

**Note:**

1. Fee of each course can be acclaimed from the Department.
2. Any above course will be started only when minimum 75% of the number of seats given is admitted otherwise that course will not be started, in this case the fees deposited by the students will be fully refunded.
3. Keeping in mind the requirements of any course, 10% of the classes may also be conducted in online mode.

## Skill based add-on Courses




MUSHROOM CULTIVATION




HERBAL GARDENING AND ORGANIC FARMING

## छात्र सहायता (Students Assistance)

महाविद्यालय में विद्यार्थियों की विभिन्न समस्याओं के निवारण हेतु छात्र–कल्याण अधिष्ठाता कार्यालय है।

1. समस्त छात्रवृत्तियों से सम्बन्धित योजनाओं का क्रियान्वयन
2. स्थानान्तरण प्रमाण–पत्र (T.C.) का निर्गतीकरण
3. उपाधि व माइग्रेशन का निर्गतीकरण
4. Bonafide Certificate का निर्गतीकरण
5. अंकतालिकाओं व अन्य प्रपत्रों का प्रमाणीकरण
6. केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा छात्रों को दी जा रही योजनाओं से छात्रों को जागरूक करना।
7. इंटर्नशिप इत्यादि से सम्बन्धित प्रपत्रों का प्रमाणीकरण

## प्रोत्साहन पदक/पुरस्कार

| क0 सं0 | पदक/पुरस्कार का नाम | किस हेतु पुरस्कार दिया जाना है। |
|---|---|---|
| 1. | डॉ0 सुनीता अग्रवाल, स्वर्ण पदक<br>(डॉ0 सन्तोष कुमार अग्रवाल, राजनीति शास्त्र विभाग द्वारा) | बी0ए0 प्रथम खण्ड परीक्षा, 2023 में महाविद्यालय के समस्त छात्र–छात्राओं में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने के उपलक्ष्य में। |
| 2. | डॉ0 देव कुमारी शर्मा, स्वर्ण पदक<br>(श्री अरुण शर्मा, गुड़गाँव द्वारा) | बी0ए0 द्वितीय खण्ड परीक्षा, 2023 में महाविद्यालय के समस्त छात्र–छात्राओं में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने के उपलक्ष्य में। |
| 3. | स्व0 शकुन्तला देवी, स्वर्ण पदक<br>(चौ0 जितेन्द्र नाथ सिहं द्वारा) | बी0एस–सी0 2023 में महाविद्यालय के विज्ञान संकाय में समस्त छात्राओं में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने के उपलक्ष्य में। |
| 4. | चौ0 नौनिहाल सिंह, स्मृति पदक<br>(चौ0 जितेन्द्र नाथ सिहं द्वारा) | बी0एस–सी0 2023 में महाविद्यालय के विज्ञान संकाय में समस्त छात्रों में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने के उपलक्ष्य में। |
| 5. | श्री आनन्द प्रसाद श्रीवास्तव, स्वर्ण पदक<br>(श्री अजय श्रीवास्तव, जनप्रतिनिधि द्वारा) | बी0ए0 तृतीय खण्ड परीक्षा, 2023 में महाविद्यालय के समस्त छात्र–छात्राओं में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने के उपलक्ष्य में। |
| 6. | श्रीमती उमा श्रीवास्तव स्वर्ण पदक<br>(स्व0 डॉ0 सत्येन्द्र नाथ द्वारा)<br>C/o श्रीमती चंचल श्रीवास्तव | बी0ए0 2023 परीक्षा में महाविद्यालय के कला संकाय में समस्त छात्र–छात्राओं में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने के उपलक्ष्य में। |
| 7. | डॉ0 वी0के0 ललोरिया स्वर्ण पदक<br>(श्रीमती दीपाली ललोरिया द्वारा) | बी0एस–सी0 प्रथम खण्ड परीक्षा, 2023 में महाविद्यालय के समस्त छात्र–छात्राओं में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने के उपलक्ष्य में |
| 8. | डॉ0 वी0के0 ललोरिया स्वर्ण पदक<br>(श्रीमती दीपाली ललोरिया द्वारा) | बी0एस–सी0 द्वितीय खण्ड परीक्षा, 2023 में महाविद्यालय के समस्त छात्र–छात्राओं में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने के उपलक्ष्य में। |

| | | |
|---|---|---|
| 9. | मुंशी राम प्रसाद स्वर्ण पदक<br>(श्री कुमार नारायण, द्वारा) | बी0एस–सी0 तृतीय खण्ड परीक्षा 2023 में महाविद्यालय के समस्त छात्र–छात्राओं में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने के उपलक्ष्य में। |
| 10. | श्री शिवराम दास गुलाटी स्वर्ण पदक<br>(डॉ0 जगदीश गुलाटी द्वारा) | बी0एस–सी0 2023 में महाविद्यालय के विज्ञान संकाय में समस्त छात्र–छात्राओं में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने के उपलक्ष्य में। |
| 11. | श्रीमती राम लुभाई स्वर्ण पदक<br>(डॉ0 जगदीश गुलाटी द्वारा) | बी0काम0 प्रथम खण्ड परीक्षा 2023 में महाविद्यालय के समस्त छात्र–छात्राओं में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने के उपलक्ष्य में। |
| 12. | श्री लीलाधर बजाज स्वर्ण पदक<br>(श्री भूपेन्द्र कुमार, वाणिज्य संकाय द्वारा) | बी0काम0 द्वितीय खण्ड परीक्षा 2023 में महाविद्यालय के समस्त छात्र–छात्राओं में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने के उपलक्ष्य में। |
| 13. | श्रीमती राजकुमारी श्रीवास्तव स्वर्ण पदक<br>(श्री टी0पी0 सिंह द्वारा) | बी0काम0 तृतीय खण्ड परीक्षा 2023 में महाविद्यालय के समस्त छात्रों में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने के उपलक्ष्य में। |
| 14. | श्री पारस राम मंगर स्वर्ण पदक<br>(श्री राजीव मंगर द्वारा) | बी0काम0 तृतीय खण्ड परीक्षा 2023 में महाविद्यालय के समस्त छात्राओं में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने के उपलक्ष्य में। |
| 15. | श्रीमती तुलसी देवी स्वर्ण पदक<br>(श्री इन्द्र मध्यान द्वारा) | विधि प्रथम खण्ड 2023 परीक्षा में महाविद्यालय के समस्त छात्र–छात्राओं में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने के उपलक्ष्य में। |
| 16. | श्री ब्रह्म देव नारायण राय स्वर्ण पदक<br>(डॉ0 मीना राय द्वारा) | विधि द्वितीय खण्ड 2023 परीक्षा में महाविद्यालय के समस्त छात्र–छात्राओं में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने के उपलक्ष्य में। |
| 17. | न्यायमूर्ति, यशोदानन्दन स्वर्ण पदक<br>(श्री शशीनन्दन, एडवोकेट द्वारा) | विधि तृतीय खण्ड 2023 परीक्षा में महाविद्यालय के समस्त छात्र–छात्राओं में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने के उपलक्ष्य में। |
| 18. | श्री सरस्वती प्रसाद स्वर्ण पदक<br>(डॉ0 सत्येन्द्र नाथ द्वारा)<br>C/o श्रीमती चंचल श्रीवास्तव | विधि 2023 परीक्षा में महाविद्यालय के विधि संकाय में समस्त छात्र–छात्राओं में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने के उपलक्ष्य में। |
| 19. | श्री शिव प्रसाद सिन्हा स्वर्ण पदक<br>(डॉ0 मनीष कुमार सिन्हा द्वारा) | बी0ए0 तृतीय खण्ड परीक्षा 2023 में महाविद्यालय के समस्त छात्र–छात्राओं में भूगोल विषय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने के उपलक्ष्य में। |
| 20. | डॉ0 आर0बी0 सक्सेना स्वर्ण पदक<br>(डॉ0 राकेश कुमार द्वारा ) | बी0ए0 तृतीय खण्ड परीक्षा 2023 में महाविद्यालय के समस्त छात्र–छात्राओं में प्राचीन इतिहास विषय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने के उपलक्ष्य में। |
| 21. | श्री रामेश्वर नाथ सिन्हा स्वर्ण पदक<br>(डॉ0 सुनील कुमार सिन्हा द्वारा) | बी0ए0 तृतीय खण्ड परीक्षा 2023 में महाविद्यालय के समस्त छात्र–छात्राओं में अर्थशास्त्र विषय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने के उपलक्ष्य में। |
| 22. | उमा शंकर जानकार स्वर्ण पदक | |

| | | |
|---|---|---|
| | (डॉ0 आनन्द कुमार श्रीवास्तव द्वारा) | बी0ए0 तृतीय खण्ड परीक्षा 2023 में महाविद्यालय के समस्त छात्र–छात्राओं में संस्कृत विषय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने के उपलक्ष्य में। |
| 23. | लक्ष्मी नारायण लाल स्वर्ण पदक<br>(श्री आनन्द वर्धन) | बी0ए0 तृतीय खण्ड परीक्षा 2023 में महाविद्यालय के समस्त छात्र–छात्राओं में हिन्दी विषय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने के उपलक्ष्य में। |
| 24. | स्व0 शिवमोहन त्रिपाठी स्मृति स्वर्ण पदक<br>(डॉ0 श्रीमती मृदुला त्रिपाठी, रसायन विज्ञान विभाग) | एम0एस–सी0 रसायन विज्ञान 2023 में महाविद्यालय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने के उपलक्ष्य में। |
| 25. | आर0एन0एस0 कपूर स्मृति स्वर्ण पदक<br>(प्रोफेसर प्रहलाद कुमार तथा नीरजा कपूर द्वारा) | एम0एस–सी0 जन्तु विज्ञान 2023 में महाविद्यालय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने के उपलक्ष्य में। |
| 26. | श्रीमती कृष्णा सिन्हा स्मृति स्वर्ण पदक<br>(डॉ0 मनीष सिन्हा, वाणिज्य विभाग) | एम0काम0 परीक्षा 2023 में महाविद्यालय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने के उपलक्ष्य में। |
| 27. | चौधरी बाबू महादेव प्रसाद स्वर्ण पदक<br>(सी0बी0एम0 ट्रस्ट द्वारा) | परीक्षा 2023 में महाविद्यालय के समस्त संकायों (कला, विज्ञान, वाणिज्य एवं विधि) में छात्र–छात्राओं में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने के उपलक्ष्य में। |
| 28. | स्व रामनाथ, एडवोकेट स्वर्ण पदक<br>(श्रीमती रेनू बजाज द्वारा) | वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में चैम्पियन छात्र अथवा छात्रा |
| 29. | श्री लाल जी श्रीवास्तव स्मृति स्वर्ण पदक<br>(श्री दीप्ति विष्णु द्वारा) | बी0ए0 प्रथम खण्ड परीक्षा 2023 में महाविद्यालय के समस्त छात्र–छात्राओं में संस्कृत विषय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने के उपलक्ष्य में। |
| 30. | श्री द्वारिका नाथ श्रीवास्तव "द्वारकेश" स्मृति स्वर्ण पदक<br>(श्री दीप्ति विष्णु द्वारा) | एम0ए0 संस्कृत 2023 में महाविद्यालय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने के उपलक्ष्य में। |
| 31. | श्रीमती आशा मंगर स्मृति स्वर्ण पदक<br>डॉ0 राजीव कुमार मंगर, वाणिज्य विभाग द्वारा | एम0काम0 परीक्षा 2023 में महाविद्यालय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने के उपलक्ष्य में। |
| 32. | प्रो0 अमर सिंह स्मृति स्वर्ण पदक<br>(डॉ0 सत्यम्बदा सिंह द्वारा) | एम0ए0 अंग्रेजी 2023 में महाविद्यालय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने के उपलक्ष्य में। |
| 33. | श्री कान्त स्मृति स्वर्ण पदक<br>(डॉ0 अर्चना त्रिपाठी द्वारा) | एम0ए0 भूगोल 2023 में महाविद्यालय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने के उपलक्ष्य में। |
| 34. | डॉ0 रोली श्रीवास्तव स्मृति स्वर्ण पदक<br>(ई0 एम0सी0 श्रीवास्तव द्वारा) | एम0एससी0 भौतिक रसायन विषय के अंतिम सेमेस्टर 2023 में महाविद्यालय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने के उपलक्ष्य में। |
| 35. | डॉ0 राजेश्वर प्रसाद मेमोरियल पदक | |

| | | |
|---|---|---|
| | (स्व डॉ0 उषा श्रीवास्तव द्वारा) | एम0एससी0 वनस्पति विज्ञान विषय परीक्षा 2023 में महाविद्यालय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने के उपलक्ष्य में। |
| 36. | डॉ0 एम0पी0 सिंह स्मृति नगद पुरस्कार 5000/–<br>(श्रीमती सरोज सिंह, हिन्दी) | एम0ए0 हिन्दी 2023 में महाविद्यालय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने के उपलक्ष्य में। |
| 37. | पुरातत्वविद् डॉ0 ओम प्रकाश लाल श्रीवास्तव (पदक)<br>डॉ0 सत्य प्रकाश श्रीवास्तव द्वारा | बी0ए0 द्वितीय खण्ड परीक्षा, 2023 में महाविद्यालय के समस्त छात्र–छात्राओं में संस्कृत विषय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने के उपलक्ष्य में। |
| 38. | डॉ0 बी0एन0 सहाय स्मृति मेरिट पदक<br>(डॉ0 रूचिका वर्मा द्वारा) | बी0ए0 तृतीय खण्ड परीक्षा 2023 में महाविद्यालय के समस्त छात्र–छात्राओं में मनोविज्ञान विषय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने के उपलक्ष्य में। |
| 39. | प्रो0 निशा धवन स्मृति मेरिट पदक<br>(डॉ0 रूचिका वर्मा द्वारा) | एम0ए0 मनोविज्ञान 2023 में महाविद्यालय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने के उपलक्ष्य में। |



# रैगिंग का निषेध

किसी भी शिक्षण संस्थान का उल्लेखनीय पक्ष है उसका रैगिंग विमुक्त होना महाविद्यालय में एंटी रैगिंग प्रकोष्ठ का निर्माण इसी उद्देश्य को ध्यान में रखकर किया गया है| सार्वजनिक स्थल की तरह महाविद्यालय परिसर में रैगिंग  पूर्णतयः प्रतिबंधित हैं| किसी भी व्यक्ति या समूह का दूसरे व्यक्ति या समूह के साथ शक्ति प्रदर्शन, अमानवीय तथा अनैतिक आचरण रैगिंग की कोटि में आता है| महाविद्यालय अपने नव- प्रवेशी छात्रों के साथ ही सभी विद्यार्थियों के प्रति रैगिंग विमुक्त वातावरण हेतु प्रतिबद्ध है|

एंटी रैगिंग समिति के उद्देश्य -

- रैगिंग की विकृतियों में निहित अमानवीय प्रभाव के प्रति छात्रों को जागरूक करना।
- रैगिंग की परिस्थितियों पर निरंतर निगरानी रखना ताकि रैगिंग की किसी भी प्रकार की घटना और उसकी पुनरावृत्ति को रोका जा सके।
- संज्ञान में लायी गयी रैगिंग की घटनाओं से तत्काल और प्रभावी तरीके से निपटना।
- अनुशासन का वातावरण स्थापित करना और यह स्पष्ट संदेश देना कि किसी भी प्रकार की रैगिंग को सहन नहीं किया जाएगा।




**प्राचीन इतिहास विभाग संग्रहालय**




## आतंरिक शिकायत समिति (Internal Complaint Committee)

महिला का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण अधिनियम, 2013 की धारा 4 एवं माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा विशाखा एवं अन्य बनाम राजस्थान राज्य एवं अन्य के वाद में निर्गत निर्देशों के अनुसरण में महाविद्यालय में **आतंरिक शिकायत समिति** (ICC) का गठन किया गया है।

यू0जी0सी0 और माननीय सर्वोच्च न्यायालय के दिशा–निर्देशों के अनुसार सी0एम0पी0 डिग्री कालेज द्वारा एक लैंगिक उत्पीड़न रोधी प्रकोष्ठ की भी स्थापना की गयी है, जिसका उद्देश्य कॉलेज कार्यस्थल पर कर्मचारियों और छात्रों को लैंगिक उत्पीड़न से मुक्त एक **स्वस्थ** और अनुकूल वातावरण प्रदान करना है।

लैंगिक उत्पीड़न के प्रति शून्य सहनशीलता की नीति के अनुपालन के फलस्वरूप प्रकोष्ठ स्पष्ट दिशा–निर्देशों के प्रति पूर्ण रूप से समर्पित है। महाविद्यालय ने इस प्रकोष्ठ को लैंगिक उत्पीड़न रोधी मामलों से सम्बन्धित प्रक्रियाओं के स्पष्ट प्रवर्तन और कार्यान्वयन का कार्य सौंपा है। लैंगिक समानता को बढ़ावा देने तथा लैंगिक उत्पीड़न और लिंग आधारित हिंसा जैसे कृत्यों को समाप्त करने के उद्देश्य से प्रकोष्ठ महाविद्यालय के सभी सदस्यों के लाभ के लिए विभिन्न अवसरों पर जागरूकता कार्यक्रम और जागरूकता अभियान का आयोजन कराता रहता है।

लैंगिक संवेदनशीलता के अन्तर्गत हर लिंग के प्रति सम्मान का भाव दर्शाना है। लिंग संवेदीकरण व्यवहार को बदलने और विचारों में सहानुभूति एवं विश्वास उत्पन्न करने के बारे में एवं अन्य लिंगों के प्रति व्यक्तिगत दृष्टिकोण एवं विश्वास व्यक्त करने की सोच उत्पन्न करने का प्रयास करता है। सी0एम0पी0 महाविद्यालय में लैंगिक संवेदीकरण प्रकोष्ठ है, जिसके अन्तर्गत उत्पीड़न रूढ़िवादिता सम्बन्धी जटिलताओं के प्रति विद्यार्थियों से संवेदनशील वातावरण उत्पन्न करने का प्रयास करता है तथा उन्हें जागरूक किया जाता ह

# महिला प्रकोष्ठ

छात्राओं की सुरक्षा, कल्याण तथा व्यक्तित्व विकास हेतु महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ है। यह विश्वविद्यालय के मुख्य प्रकोष्ठ का एक घटक है। इस प्रकोष्ठ द्वारा छात्राओं को सशक्त बनाने हेतु अनेकानेक कार्यक्रम आयोजिए किए जाते हैं। महिला प्रकोष्ठ का मुख्य उद्देश्य लैंगिक संवेदनशीलता के प्रति जागरूक करना है।




